**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**05.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

## मुख्य समाचार

- प्रदेश में प्राकृतिक रूप से उगाए गए गेहूं की खरीद का कार्य पूरा– राज्य सरकार ने किसानों से खरीदा 2 हज़ार एक सौ 23 क्विंटल से अधिक गेहूं।
- राज्य में हस्तशिल्प और सेब पैकिंग की वस्तुओं पर जी.एस.टी. कम होने से कारीगरों व किसानों को मिली राहत।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर केन्द्र द्वारा विकास के लिए दी जा रही धनराशि को खर्च करने में नाकाम रहने का लगाया आरोप।
- राजकीय पॉलिटेक्निक हमीरपुर में 9 अक्तूबर को होगा एक विशेष ओवरसीज़ भर्ती अभियान का आयोजन।

## प्राकृतिक खेती

राज्य सरकार ने प्रदेश में किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती के माध्यम से उगाए गए लगभग 2 हज़ार एक सौ 23 क्विंटल गेहूं की खरीद की है। गेहूं और जौ के लिए सरकार ने 60 रूपए प्रति किलो का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे सहयोगी––

***राज्य सरकार ने प्रदेश भर में प्राकृतिक रूप से उगाए गए गेहूं की खरीद का कार्य पूरा कर लिया है और 22 खरीद केन्द्रों पर 8 सौ से अधिक किसानों से 2 हज़ार एक सौ 23 क्विंटल से अधिक गेहूं खरीदा गया है। गेहूं को आटे और दलिए में संसाधित किया जा रहा है और हिम भोग ब्रांड के तहत इसकी बिक्री की जाएगी। सरकार चम्बा ज़िले के पांगी क्षेत्र में प्राकृतिक रूप से उगाए गए जौ की खरीद 8 अक्तूबर से शुरू करेगी और जौ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 60 रूपए प्रति किलो तय किया गया है। पांगी क्षेत्र में बड़ी संख्या में किसानों ने प्राकृतिक खेती के तहत पंजीकरण करवाया है।***

## जीएसटी सुधार– हिमाचल प्रदेश

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा की थी जो 22 सितंबर से शुरू हुआ है। यह पूरे देश में लाभकारी साबित हो रहा है। आज इस कड़ी में पेश है हिमाचल प्रदेश के उद्योगों पर जीएसटी सुधारों के प्रभाव की। एक रिपोर्ट–

***नये जीएसटी सुधारों ने हिमाचल प्रदेश के कारीगरों, किसानों और औद्योगिक क्षेत्रों को बड़ी राहत प्रदान की है। हाथ से बुने हुए शॉल, हिमाचली टोपी और हस्तशिल्प निर्मित वस्तुओं पर जीएसटी को पहले के 12 प्रतिशत से घटाकर अब 5 प्रतिशत कर दिया गया है। सरकार के इस कदम से पारंपरिक वस्तुएँ और अधिक किफायती हुई हैं तथा कारीगरों और शिल्पकारों की आय में सुधार हुआ है। वहीं चमड़े की चप्पलें, लकड़ी से बने हुए समान और मिट्टी और धातु के बर्तन भी 5 प्रतिशत जीएसटी स्लैब के अंतर्गत रखे गये हैं। इसके साथ ही, शिमला और आसपास के किसानों को सेब रखने और भेजने की सामग्री पर कम जीएसटी का लाभ मिला है। जिससे लागत में कमी आई है और फसल के मौसम में हजारों किसानों को मदद मिलने की उम्मीद है। संशोधित जीएसटी दरों का उद्देश्य छोटे कारीगरों और बुनकरों को राहत देने के साथ ही किसानों और कारखाना श्रमिकों के लिए नए अवसर पैदा करना भी है। जीएसटी में कटौती से लोगों की आजीविका मजबूत होगी और हिमाचल प्रदेश के बाजार और समृद्ध बनेंगे।***

**रोहित ठाकुर**

कांगड़ा ज़िले में सबसे अधिक 8 डे–बोर्डिंग स्कूलों का निर्माण किया जा रहा है और इस पर 40 करोड़ रूपए खर्च किए जाएंगे। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में लगभग 8 करोड़ रूपए की विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास अवसर पर ये जानकारी दी। उन्होंने कॉलेज में डेढ़ करोड़ रूपए से बने खेल मैदान व 17 लाख रूपए से निर्मित जूलॉजी प्रयोगशाला का उद्घाटन और 5 करोड़ रूपए से बनने वाले कन्या छात्रावास व 20 लाख रूपए से तैयार होने वाले बॉक्सिंग रिंग का शिलान्यास किया। बाद में, रोहित ठाकुर ने बंदला स्कूल में लगभग 51 लाख रूपए से निर्मित विज्ञान ब्लॉक और करीब 50 लाख रूपए से भगोलटा स्कूल भवन का लोकार्पण भी किया।

**राजेश धर्माणी**

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश को आत्मनिभर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है और इसके लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने आज घुमारवीं में 4 दिवसीय अंडर–नाइनटीन छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इस मौके पर धर्माणी ने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और देश व समाज के विकास में महिलाओं की अग्रणी भूमिका है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार शिक्षा पर बजट का लगभग 20 फीसदी हिस्सा खर्च कर रही है और विद्यार्थियों को घरद्वार पर शिक्षा सुविधाएं दी जा रही हैं। इस प्रतियोगिता में लगभग साढ़े 5 सौ छात्राएं हॉकी, टेबल टैनिस, हैंडबॉल, वॉलीबॉल, खो–खो और रैसलिंग जैसी स्पर्धाओं में भाग ले रही हैं।

**भाजपा**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने पार्टी की एक सौ 29 सदस्यों वाली राज्य कार्यसमिति घोषित कर दी है। इसमें 24 स्थायी आमंत्रित सदस्य और एक सौ 5 कार्यसमिति सदस्य बनाए गए हैं। बिंदल ने बताया कि स्थायी आमंत्रित सदस्यों में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल, शांता कुमार और पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर सहित अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हैं।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर केन्द्र सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए दी जा रही धनराशि को खर्च करने में विफल रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर साल हज़ारों करोड़ रूपया इस्तेमाल न कर पाने के कारण केन्द्र सरकार को वापिस भेजती है जो कांग्रेस सरकार की लापरवाही को दर्शाता है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि केन्द्र सरकार ने वर्ष 2024–25 के लिए स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के लिए 9 सौ 54 करोड़ रूपए की धनराशि हिमाचल को दी लेकिन दुर्भाग्यवश राज्य सरकार इसमें से आधी धनराशि भी खर्च नहीं कर पाई। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस वित्त वर्ष के लिए भी केन्द्र सरकार ने स्वास्थ्य विभाग को एक हज़ार 50 करोड़ रूपए से अधिक की राशि मंजूर की है लेकिन सरकार की कारगुज़ारी से लगता है कि इस बार भी कांग्रेस सरकार ये पैसा खर्च नहीं कर पाएगी।

**मांडविया– संडे साइकिल**

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज विश्व शिक्षक दिवस पर नई दिल्ली में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अभियान में भागीदारी की। उन्होंने मेजर ध्यानचंद स्टेडियम से इंडिया गेट और आसपास के क्षेत्रों में शिक्षकों, छात्रों और अन्य लोगों के साथ साइकिल रैली का नेतृत्व किया। मांडविया ने बताया कि आज देश भर में दस हजार पांच सौ से अधिक स्थानों पर फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल का आयोजन किया गया है।

**ओवरसीज़ भर्ती**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के निर्देश पर 9 अक्तूबर को राजकीय पॉलीटैक्निक हमीरपुर में एक विशेष ओवरसीज़ भर्ती अभियान का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोज़गार के अवसर उपलब्ध करवाना है। ये भर्ती अभियान श्रम और रोज़गार, तकनीकी शिक्षा विभाग और केन्द्रीय विदेश मंत्रालय से पंजीकृत भर्ती एजेंसी के सहयोग से करवाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार युवाओं को वैश्कि स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए वचनबद्ध हे और इस भर्ती अभियान के माध्यम से उन्हें तकनीकी व गैर–तकनीकी क्षेत्रों में विदेशों में रोज़गार के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे।

## ओलंपिक संघ

राज्य ओलंपिक संघ की वार्षिक बैठक में आज पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर को एक बार फिर प्रदेश ओलंपिक संघ का अध्यक्ष चुना गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी में 17 सदस्य चुने गए हैं। इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में खेल अधोसंरचना को सुदृढ़ किया जाएगा और योग्य प्रशिक्षकों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

## अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि अच्छी शिक्षा ही बेहतर भविष्य का आधार है और राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र को सुदृढ़ कर रही है। शिमला के ढली में आज एक निजी स्कूल के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ–साथ खेलों व अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए।

## मौसम

प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है और राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में आज सुबह तेज वर्षा हुई। मौसम विभाग ने कल 6 अक्तूबर को राज्य के अनेक क्षेत्रों में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जबकि 7 अक्तूबर को यलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 8 अक्तूबर को भी प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में वर्षा की संभावना है।

## जगत सिंह नेगी

जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर ज़िले के बारंग में 12 लाख रूपए से बने पटवार सर्कल भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राजस्व सेवाओं में तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा दिया है और ऑनलाइन म्यूटेशन प्रणाली व लोक शिकायत निवारण पोर्टल जैसी व्यवस्थाओं से राजस्व सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ी है। जगत सिंह नेगी ने लोगों की शिकायतें भी सुनीं और अधिकांश का मौके पर ही निपटारा किया।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रदेश में प्राकृतिक रूप से उगाए गए गेहूं की खरीद का कार्य पूरा– राज्य सरकार ने किसानों से खरीदा 2 हज़ार एक सौ 23 क्विंटल से अधिक गेहूं।
- राज्य में हस्तशिल्प और सेब पैकिंग की वस्तुओं पर जी.एस.टी. कम होने से कारीगरों व किसानों को मिली राहत।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर केन्द्र द्वारा विकास के लिए दी जा रही धनराशि को खर्च करने में नाकाम रहने का लगाया आरोप।
- राजकीय पॉलिटेक्निक हमीरपुर में 9 अक्तूबर को होगा एक विशेष ओवरसीज़ भर्ती अभियान का आयोजन।